Seat No. : ______________

# NF-150(H)

**November-2025**

**M.Com., Sem.-III**

**501 : Taxation-I**

**(Personal Tax Planning)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. (A) वित्तीय वर्ष 2024-2025 में श्री हनीफ लकड़ावाला ने अपने आय के सभी स्रोतों से सकल करयोग्य आय के रूप में ₹ 12,00,000 कमाए हैं । धारा 80 C, 80 D और 80 TTB के अंतर्गत उसके कटौती योग्य निवेश एवं अन्य राशि ₹ 2,00,000 है । कर-निर्धारण वर्ष 2025-2026 के लिए प्रयोज्य आयकर गणना की पुरानी प्रणाली तथा नई प्रणाली के अनुसार उसकी शुद्ध कर-योग्य आय और आयकर दायित्व की राशि कितनी होगी ? **7**

कर नियोजन के दृष्टिकोण से उन्हें पुरानी प्रणाली एवं नई प्रणाली के मध्य योग्य लाभदायक विकल्प का चयन करने की सलाह दें ।

(B) उदाहरण की सहायता से कर बचाव तथा कर अपवचन के मध्य अंतर समझाइए । **7**

**अथवा**

1. श्री केशव महाराज दक्षिण अफ्रीका की टीम के एक सुप्रसिद्ध क्रिकेटर हैं जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-2025 सहित पिछले 10 वित्तीय वर्षों से हर वित्तीय वर्ष में 105 दिन भारत की यात्रा की है । कर-निर्धारण वर्ष 2025-2026 हेतु उनकी आवासीय प्रस्थिति ज्ञात कीजिए ।

यदि वह हर वित्तीय वर्ष में 105 दिनों के ब्याद 91 दिन रहे होते, तो कर-निर्धारण वर्ष 2025-2026 में आवासीय प्रस्थिति क्या होगी ? अब कर नियोजन के दृष्टिकोण से कर-निर्धारण वर्ष 2026-2027 में उनकी आवासीय प्रस्थिति हेतु उन्हें सलाह दीजिए । **14**

2. श्री मनीष पाटड़िया वर्ष 2004 से मेसर्स विजय सेल्स, मुंबई में विक्रय कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं । निम्न विवरणों से कर–निर्धारण वर्ष 2025-2026 हेतु वेतन शीर्षक के अंतर्गत उनकी कर–योग्य आय की गणना कीजिए तथा उन्हें कर नियोजन हेतु सलाह दीजिए कि **14**

- पुरानी प्रणाली के अंतर्गत गणना करना–धारा 115 BAC का चयन नहीं किया गया ।
- नई प्रणाली के अंतर्गत गणना करना–धारा 115 BAC का चयन किया गया ।

(1) मासिक मूल वेतन ₹ 70,000

(2) महँगाई भत्ता : मूल वेतन का 60% (जिसमें से 75% सेवा–निवृत्ति लाभ हेतु गिना जाता है ।)

(3) कर्मचारी तथा नियोक्ता का कर्मचारी के मान्य प्रोविडंट फंड खाते में वेतन के 16% की दर पर योगदान ।

(4) दीपावली 2024 के त्यौहार डिस्काउंट माह के दौरान उन्हें ₹ 18,000 का पर्फोर्मेंस बोनस दिया गया था ।

(5) कंपनी के स्वामित्व की मोटरकार (इंजन की घन क्षमता 1.60 लिटर से अधिक) कर्मचारी को ता. 01.11.2024 से ऑफिस एवं निजी दोनों उपयोगों हेतु दी गई । ता. 01.11.2024 से 31.03.2025 तक ₹ 4,500 का मरम्मत एवं रखरखाव खर्च पूर्ण रूप से कर्मचारी द्वारा चुकाया गया ।

(6) मनीष, उसकी पत्नी और नाबालिग बच्चे को इकोनॉमी क्लास एयर टिकट हेतु छुट्टी यात्रा कन्सेशन ₹ 1,20,000 दिया गया ।

(7) मनीष को निजी एवं ऑफिस दोनों उपयोगों हेतु लेपटॉप तथा कम्प्यूटर की सुविधा दी गई है । लेपटॉप के क्रय मूल्य ₹ 65,000 तथा कम्प्यूटर के क्रय मूल्य ₹ 55,000 का भुगतान कंपनी द्वारा किया गया ।

(8) उन्हें प्रति माह ₹ 2,000 का चिकित्सीय भत्ता चुकाया गया ।

(9) पेशा कर (व्यावसायिक कर) ₹ 2,500 चुकाया गया जिसमें से ₹ 2,240 का भुगतान कंपनी ने किया था ।

**अथवा**

2. कुमारी शीतल मकवाणा एक कलाकार हैं तथा उनके पास “नटशाला”, “प्रयोगशाला” और “ध्वनिशाला” नामक तीन घर हैं, तीनों घर उनके हैं । संपत्तियों की जानकारियाँ निम्नानुसार हैं : **14**

| विवरण | घर नटशाला | घर प्रयोगशाला | घर ध्वनिशाला |
|---|---|---|---|
| म्युनिसिपल मूल्य | 4,00,000 | 5,20,000 | 6,00,000 |
| उचित किराया | 4,40,000 | 5,60,000 | 6,40,000 |
| मानक किराया | 4,80,000 | 4,80,000 | 6,80,000 |
| म्युनिसिपल कर (20% अदत्त) | 50,000 | 1,00,000 | 1,20,000 |
| निर्माण हेतु हाऊसिंग ऋण पर ब्याज | 1,00,000 | 50,000 | 1,30,000 |

पूर्व वर्ष 2024-2025 हेतु कुमारी शीतल मकवाणा को कौन सा घर **स्व–उपयोग** के घर के रूप में चयनित करना चाहिए जिससे उनका कर दायित्व न्यूनतम किया जा सके ?

3. श्री उन्मेष दिक्षित ने 01.01.2025 के दिन अपना आवासीय अपार्टमेंट ₹ 39,74,000 में बेच दिया । उन्होंने यह घर 1988-89 में ₹ 3,00,000 में खरीदा था । ता. 01.04.2001 के दिन घर का उचित बाज़ार मूल्य ₹ 8,00,000 था । उन्होंने इस घर के विक्रय पर स्टेम्प ड्युटी, पंजीयन शुल्क और विधिक दस्तावेजीकरण हेतु अधिवक्ता फीस के रूप में ₹ 1,12,000 का खर्च किया । **14**

विक्रय की निवल राशि में से उन्होंने निम्न रूप से राशि का उपयोग किया :

- 01.01.2025 को उनकी ₹ 28,62,000 की चुकाना बाकी होम लोन का भुगतान किया ।
- उन्होंने अपने द्वारा खरीदे गए प्लॉट पर नए घर के निर्माण के लिए ता. 28.03.2025 को ₹ 5,00,000 का भुगतान किया ।
- 02.01.2025 को पूँजीगत लाभ खाते की योजना में ₹ 3,00,000 जमा किए ।

**संबंधित लागत स्फीति सूचकांक निम्नानुसार हैं ।**

2001-02 = 100, 2023-24 = 348 तथा 2024-25 = 363

कर–निर्धारण वर्ष 2025-2026 हेतु कर–योग्य पूँजीगत लाभ की गणना कीजिए और उन्हें सलाह दीजिए कि कर नियोजन की दृष्टि से आयकर अधिनियम के अंतर्गत किस प्रकार महत्तम कटौती (कर–मुक्ति) प्राप्त की जा सकती है ।

**अथवा**

3. मेसर्स स्टार–लाइट इंजीनियरिंग (OPC) प्रा. लि. ने आपके समक्ष वर्ष 31-3-2025 को समाप्त हुए वर्ष हेतु अपने खातों से निम्न विवरण प्रस्तुत किए हैं : **14**

| **विवरण** | **राशि (₹)** |
|---|---|
| **लाभ–हानि खाता के अनुसार शुद्ध लाभ** | 25,00,000 |
| **लाभ–हानि खाते में नामे की गई मदें :** | |
| कर्मचारियों का वेतन | 4,00,000 |
| मालिक के घर का किराया | 1,00,000 |
| सेवार्थ दान | 80,000 |
| मूल्यह्रास | 4,00,000 |
| विधिक व्यय | 1,00,000 |
| कर्मचारियों को बोनस | 2,00,000 |
| कर्मचारियों को ग्रेच्युटी | 3,00,000 |
| वस्तु एवं सेवा कर (GST) हेतु प्रावधान | 4,00,000 |
| डूबत ऋण हेतु प्रावधान | 2,00,000 |
| यात्रा व्यय | 1,00,000 |
| वैज्ञानिक अनुसंधान व्यय | 2,00,000 |
| **लाभ–हानि खाते में जमा की गई मदें :** | |
| मकान मिलकत से किराया | 4,00,000 |
| भारतीय कंपनियों से लाभांश | 1,00,000 |
| प्राप्त छूट | 50,000 |
| स्टाफ क्वार्टर्स से किराया | 1,50,000 |
| वस्तु एवं सेवा कर (GST) का रिफंड | 80,000 |

**अतिरिक्त जानकारियाँ :**

(1) वैज्ञानिक अनुसंधान व्यय सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान हेतु एक मान्य अनुसंधान संस्थान में योगदान से संबंधित थे ।

(2) दान की रकम एक मान्य संस्था को दी गई थी ।

(3) 2024-2025 के दौरान चुकाया गया वर्ष 2023-2024 का GST ₹ 1,20,000 लाभ–हानि खाते में अधिरोपित नहीं किया गया है ।

(4) ग्रेच्युटी का तदर्थ आधार पर भुगतान किया गया था ।

(5) आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार अनुमत मूल्यह्रास ₹ 5,00,000 है ।

पूर्व वर्ष 2024-2025 हेतु मेसर्स स्टार–लाइट इंजीनियरिंग (OPC) प्रा. लि. की व्यवसाय–पेशे से कर–योग्य आय की गणना कीजिए ।

4. वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु श्री हेमंत मिस्त्री की कुल आय निम्नानुसार है : **14**

| क्रम सं. | विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1. | भारत से बाहर अवस्थित कृषि–योग्य भूमि से आय | 1,00,000 |
| 2. | राजकोट में अवस्थित कृषि–योग्य भूमि से आय | 50,000 |
| 3. | कंपनी के निदेशक के रूप में प्राप्त फीस | 30,000 |
| 4. | KBC के कार्यक्रम में से जीती गई राशि (निवल) (TDS @ 30%) | 70,000 |
| 5. | डिबेंचर पर ब्याज (निवल) (TDS @ 10%) | 90,000 |
| 6. | टाटा मोटर्स लिमिटेड के अंशों पर प्राप्त लाभांश | 8,000 |
| 7. | अदानी एनर्जी लिमिटेड के वेतन से कर–योग्य आय | 12,00,000 |
| 8. | राजकोट में मकान–मिलकत से कर–योग्य आय | 1,00,000 |

उपरोक्त जानकारी के आधार पर कर–निर्धारण वर्ष 2025-2026 हेतु श्री हेमंत मिस्त्री की अन्य स्रोतों से शुद्ध कर–योग्य आय और कुल कर–योग्य आय की गणना कीजिए ।

**अथवा**

4. (A) कर-निर्धारण वर्ष 2025-2026 हेतु निम्न अनुमानित आय से श्री जिगर बुंदेला द्वारा अग्रिम देय कर (एडवान्स टेक्स) की गणना कीजिए। श्री जिगर बुंदेला ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115-BAC के अंतर्गत कर भुगतान का विकल्प पसंद नहीं किया है : **10**

| विवरण | ₹ |
|---|---|
| वेतन से शुद्ध आय | 5,25,000 |
| मकान-मिलकत से शुद्ध आय | 2,00,000 |
| SBI में सावधि जमा पर ब्याज | 80,000 |
| F-1 रेस से प्राप्तियाँ | 50,000 |
| सार्वजनिक भविष्य निधि में योगदान | 1,20,000 |
| LIC प्रीमियम का भुगतान | 30,000 |
| स्रोत पर कर कटौती (TDS) | 15,620 |

(B) धारा 234-B के प्रावधानों को समझाइए। **4**

5. दिए गए विकल्पों में से योग्य उत्तर का चयन कीजिए : (कोई **सात**) **14**

(1) जब करदाता द्वारा निर्धारित दायित्व से अधिक कर का भुगतान किया जाए तब अतिरिक्त कर भुगतान पर सरकार द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा _________ के अंतर्गत ब्याज का भुगतान किया जाता है।

(a) 234 A (b) 244 A
(c) 244 B (d) 234 C

(2) __________ पूर्ण रूप से कर-मुक्त प्रत्याभूति नहीं है।

(a) नेशनल डिफेन्स गोल्ड बोन्ड, 1980 (b) स्पेशियल बेरर बोन्ड, 1991
(c) 7% पूँजीगत निवेश बोन्ड (d) समता अंश

(3) सट्टाकीय व्यवसाय का नुकसान व्यवसाय के मालिक के __________ के सामने प्रतिपूर्तित नहीं किया जा सकता।

(a) नियमित (गैर-सट्टाकीय) व्यवसाय के लाभ
(b) गैर-कानूनी व्यवसाय के लाभ
(c) सट्टाकीय व्यवसाय के लाभ
(d) उपरोक्त सभी

(4) यदि कंपनी द्वारा 40 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहर में कर्मचारी को कंपनी के स्वामित्व का मकान प्रदान किया जाता है तो पूर्व वर्ष 2024-2025 में किराया-मुक्त अथवा कम किराए में मकान की सुविधा का कर-योग्य मूल्य कितना होगा ?

(a) मूल वेतन का 10% (b) मूल वेतन का 15%

(c) BABC का 10% (d) BABC का 15%

(5) "__________ अर्थात् करदाता अपने आयकर दायित्व का इस प्रकार नियोजन करता है कि वह आयकर कानून के सभी प्रावधानों का महत्तम लाभ प्राप्त कर सके ।"

(a) कर प्रबंध (b) कर नियोजन

(c) कर अपवंचन (d) कर बचाव

(6) मकान-मिलकत से आय शीर्षक के अंतर्गत, अप्राप्त किराया इसमें से घटाया जाता है

(a) सकल वार्षिक मूल्य (b) वार्षिक किराया

(c) उचित किराया (d) मानक किराया

(7) 01-04-2007 के पश्चात् NHAI अथवा RECL जैसे विशेष बोन्ड्स में निवेश करने हेतु धारा 54EC के अंतर्गत दीर्घकालीन पूँजीगत लाभ पर कर के बचाव के लिए अनुमत अधिकतम कटौती सीमा कितनी है ?

(a) ₹ 10 लाख (b) ₹ 30 लाख

(c) ₹ 50 लाख (d) ₹ 1 करोड़

(8) भारत सरकार __________ पद्धति द्वारा आयकर का संग्रह करती है ।

(a) अग्रिम कर (b) स्व-निर्धारण कर

(c) स्रोत पर कर कटौती (TDS) (d) उपरोक्त सभी

(9) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 32 के अंतर्गत, इलेक्ट्रिक फिटिंग सहित फर्नीचर पर मूल्यह्रास की दर ________ है ।

(a) 40% (b) 20%

(c) 10% (d) 5%

(10) मकान–मिलकत से आय के संबंध में संयुक्त किराया अर्थात् ________ .

(a) एक से अधिक मकान की मिलकतों से प्राप्त किराया

(b) एक माह से अधिक समय के लिए प्राप्त किराया

(c) जमीन के प्लॉट साथ ही साथ मकान–मिलकत से प्राप्त किराया

(d) फर्नीचर, ए.सी., फ्रिज, रसोई के उपकरण एवं सोसाइटी में लिफ्ट और सुरक्षाकर्मी जैसी अन्य सुविधाओं के मेंटेनन्स सहित मकान मिलकत से प्राप्त कुल किराया ।

(11) वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु श्री राजेश पवार का कुल अनुमानित कर दायित्व ₹ 3,60,000 है । तीसरी किस्त तक उनका अग्रिम कर दायित्व कितना होगा ?

(a) ₹ 1,62,000
(b) ₹ 2,70,000
(c) ₹ 3,60,000
(d) ₹ 2,40,000

(12) विदेश में रहने वाला भारतीय नागरिक या भारतीय मूल का व्यक्ति पूर्व वर्ष के दौरान भारत में आता है और यदि वह पूर्व वर्ष के दौरान 182 दिनों से कम परंतु 120 दिनों से अधिक समय भारत में रहता है; और उसकी विदेशी स्रोत रहित कुल कर–योग्य आय ₹ 15,00,000 से अधिक है, तो उसे _______ के रूप में माना जाता है ।

(a) सामान्य निवासी
(b) निवासी परंतु सामान्य निवासी नहीं
(c) गैर–निवासी (अनिवासी)
(d) भारत में प्रतिधारित निवासी